# मिशन अस्पताल में हुई सात मौतों के आरोपी डॉक्टर की पुलिस रिमांड 4 दिन बड़ी

## 17 अप्रैल तक पुलिस और करेगी आरोपी से पूछताछ,जमानत याचिका खारिज

**दमोह। जिले के मिशन अस्पताल में बीते दिनों हुई 7 मरीजों की मौत के मामले में आरोपी डॉक्टर नरेंद्र यादव उर्फ एनजॉन केम की पुलिस रिमांड चार दिन और बढ़ा दी है। रविवार को पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड रिया सिंह के समक्ष पेश किया था सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने आरोपी की पुलिस रिमांड 17 अप्रैल तक के लिए लिए भेज दिया है ।**

अब 4 दिन आगामी 17 अप्रैल को पुलिस फिर से आरोपी डॉक्टर को न्यायालय में पेश करेगी।

भोपाल से पहुंचे आरोपी डॉक्टर के वकील,

रविवार को आरोपी डॉक्टर के वकील सचिन नायक भोपाल से दमोह पहुंचे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अपने पक्षकार की जमानत के लिए अर्जी लगाई थी साथ ही पुलिस




रिमांड पर भी आपत्ति ली थी।परंतु न्यायाधीश ने मेरे पक्षकार की जमानत अर्जी खारिज कर दी है और पुलिस की मांग पर उनके पक्षकार की चार दिन की रिमांड बढ़ा दिया है। वकील नायक का कहना है कि उनके पक्षकार ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की जांच के बाद ही असली या फर्जी होने का पता चल पाएगा।

वहीं इस मामले की शासन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे एडीपीओ संजय रावत ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि आरोपी की रिमांड बढ़ाई जाए, ताकि उससे और पूछताछ हो सके। उन्होंने बताया कि यह मामला राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर से जुड़ा हुआ है। कई देशों में डॉक्टर के होने की बात सामने आई है, इसलिए सभी जगह से सबूत जुटाने हैं और इसके लिए डॉक्टर से पूछताछ होना जरूरी है। न्यायाधीश ने उनके तर्क पर सहमति देते हुए आरोपी डॉक्टर की चार दिन की पुलिस रिमांड बढ़ा दी है।

अब आगामी 17 अप्रैल को फिर से न्यायालय के सामने आरोपी को पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी यदि हमें आवश्यकता होगी तो हम फिर से न्यायालय से आरोपी की पुन: पुलिस रिमांड की मांग करेंगे। इस पूरे मामले में दमोह एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने शनिवार को बताया कि उन्होंने आरोपी डॉक्टर का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए पीएचक्यू से अनुमति मांगी है। अनुमति मिलने पर वे कोर्ट से लॉयल्टी टेस्ट कराने की मांग करेंगे। इससे इस मामले की जांच को सही दिशा मिल सकेगी।

## खास-खबरें

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**बीना।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर समस्त बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एवं अन्य सभी धार्मिक श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक आयोजन गांधी तिराहा पर किया गया इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया ,पंडित दशरथ पुरोहित, शिव शास्त्री, दिनेश पाठक, जगदीश पाराशर रमेश, जड़िया, सुरेंद्र ठाकुर, राम सहाय दुबे, सतीश तिवारी, विनय चतुर्वेदी, राकेश तिवारी ,संजीव जैन ,बल्लू पटेल ,अनिल पटेरिया, नंदू अहिरवार, मिलन यादव पत्रकार सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे

### मिशन आंचल के तहत अति गंभीर कुपोषित बच्चों को लिया गया गोद

**खंडवा।** महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री विक्रांत दामले ने बताया कि कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ज़िले में कुपोषण को दूर करने एवं जन सहभागिता को बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे मिशन आंचल के तहत प्रेमचंद जैन वार्ड के अति गंभीर कुपोषित बच्चों को श्री आनंद तिरोले द्वारा गोद लिया गया।श्री आनंद तिरोले द्वारा बालक शुभ व दिव्यांश को प्रोटीन पाउडर, चने, फुटाने,गुड़ ,मूंग दाल,दलिया के पैकेट दिए गए।साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता जाजोरिया व संगीता खड़िया द्वारा विटामिन व मिनरल से युक्त सहजन पाउडर भी दिया गया। लगातार जन सहयोग करने वाले श्री आनंद तिरोले द्वारा पूर्व में भी दादाजी वार्ड के बच्चों को गोद लेकर सामान्य श्रेणी में आने तक सहयोग किया गया।वार्ड की बालिका सृष्टि बाल टीबी की बीमारी के साथ कुपोषित भी थी। बालिका के घर की स्थिति भी ठीक नहीं थी, परंतु विभाग के द्वारा कुपोषण को दूर करने के लिए चलाए जा रहे अभियान में श्री तिरोले द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया व तुरंत बालिका को गोद लेकर बाल टीबी का पूर्ण इलाज करवाया व प्रतिमाह खाद्य सामग्री भी बच्ची को उपलब्ध कराई। धीरे-धीरे बालिका का वजन बढ़ने लगा। वह गंभीर कुपोषण से मुक्त होकर सामान्य श्रेणी में आ गई। सही इलाज से आज बालिका बाल टीबी से मुक्त हो गई है। वर्तमान में उनके द्वारा मिशन आंचल में पूर्ण सहयोग की बात कही गई। गोद लिए बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में माता-पिता व कार्यकर्ता से जानकारी भी ली।श्री तिरोले ने कहा कि उनका उद्देश्य कुपोषित बच्चों को पूर्ण रूप से स्वस्थ करना है। बालक शुभ व दिव्यांश को कुपोषण मुक्त करने के बाद वह दूसरे जरूरतमंद बच्चों को भी गोद लेंगे।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा श्री आनंद तिरोले का आभार व्यक्त किया गया।

### सीएमएचओ ने खालवा में की स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

**खंडवा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत द्वारा सभी मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, सी.एच.ओ, सुपरवाइजर, एएनएम., आशा सुपरवाइजर की बैठक लेकर कहा गया कि 11 से 25 अप्रैल तक चल रहे मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के तहत जन समुदाय में परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के बारे में जानकारी दें। साथ ही अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नवीन दंपत्तियों का चिन्हांकन कर उनको विवाह पंजीयन कराने में सहयोग करें एवं समस्त नवीन दंपत्तियों को आशाएं परिवार नियोजन के बारे में जागरुक कर नई पहल किट का वितरण करें। उन्होंने बीएमओ को धरती आबा अभियान एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रम की समय पर लक्ष्यपूर्ति करें। टी.बी. मुक्त भारत अभियान तहत अधिक से अधिक संभावित टी.बी. मरीजों की जांच करने के निर्देश दिए। डॉ. जुगतावत ने अनमोल एप्लीकेशन तथा आर.सी.एच. पोर्टल के नये वर्जन में गर्भवतियों के पंजीयन के लिये समग्र आई.डी., आधार कार्ड तथा बैंक खाते की ईकेवायसी अनिवार्य रूप से करवाने व समग्र से आधार लिंक करवाना तथा आधार कार्ड से बैंक खाता लिंक करवाने की जानकारी का प्रचार प्रसार करने को कहा।

# श्रीहनुमान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और चादर विधि कार्यक्रम हुआ संपन्न

**ओंकारेश्वर नि प्र ।**

ओंकारेश्वर एक्वाडक्ट के निकट खेड़ी घट कल हनुमान जयंती के पावन अवसर पर जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य हनुमान वाटिका आश्रम में श्री हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ !

प्राणसिष्ठा कार्यक्रम के मुख्य यजमान सनावद के दीपक आदिबाल और भक्तों द्वारा संपन्न हुआ ! इस आश्रम को रामानुज संप्रदाय के संत महेशदास द्वारा 200 फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण कर 7



वर्ष मैं तैयार किया गया ! इस अवसर पर यहां सड़ दर्शन संत मंडल ओंकारेश्वर द्वारा महेश दास जी का चादर विधिकार्यक्रम भी संपन्न हुआ इस अवसर पर सब दर्शन संत मंडल ओंकारेश्वर के अध्यक्ष मंगल दास जी महाराज मंडल के सभी पदाधिकारी और खड़ दर्शन मंडल के सदस्य उपस्थित थे संत भडारे के साथ ही यज्ञ की पूर्णाहुति कर कार्यक्रम संपन्न हुआ ! महंत महेशदास खड़ दर्शन संत मंडल ओंकारेश्वर के प्रवक्ता और मीडिया प्रमुख है ! उपस्थित भक्तों और संतों साल श्री फल से अभिनंदन किया गया।

# ईसाई समाज ने बनाया पॉम संडे निकला जुलूस

**नर्मदापुरम।**
रविवार को मसीहियों का पवित्र पर्व पॉम संडे या खजूर रविवार था।

पवित्र शास्त्र बाइबिल के अनुसार आज के दिन प्रभु यीशु मसीह ने गधे पर सवार होकर यरुशलेम नगर में प्रवेश किया था। आज ही के दिन से यहूदी और रोमी शासन ने यीशु मसीह को क्रूस चढ़ाने का षडयंत्र आरंभ किया था। इस पर्व पर मसीह समाज हाथों में खजूर की डालियां लिए हुए प्रभु यीशु मसीह का स्वागत करते हैं और




जुलूस के रूप में नगर में भ्रमण करते हैं नर्मदापुरम के समस्त चर्चो के अनुयायियों ने एक जुलूस निकाला जो पेन्तीकास्टल चर्च रसूलिया से प्रारंभ होकर ई सी आई चर्च रसूलिया में समाप्त हुआ।

# बैतूल के गुरुद्वारे में श्रद्धा से मनाया वैशाखी पर्व

## सजा कीर्तन दरबार, गुरु का लंगर आयोजित हुआ



**बैतूल।** रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, बैतूल में श्रद्धा और उत्साह के साथ बैसाखी का पर्व मनाया गया। सुबह 5.30 बजे संगत ने नितनेम का पाठ कर दिन की शुरुआत की सुबह से ही श्रद्धालुओं का दर्शन करने हेतु तांता लगा रहा। इसके पश्चात सुबह 11.30 से 1 बजे तक विशेष कीर्तन दरबार आयोजित किया गया, जिसमें ज्ञानी भाई अरविंदर सिंह ने अपने शब्द-कीर्तन से संगत को गुरु घर की बख्शिश से निहाल किया।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरबजीत सिंह वालिया ने बताया कि बैसाखी केवल एक फसल कटाई का त्यौहार नहीं, बल्कि खालसा पंथ की स्थापना का पावन दिन भी है। यह दिन हमें एकता, सेवा और समर्पण की भावना से ओतप्रोत करता है। कोषाध्यक्ष हरदीप सिंह बग्गा ने कहा कि लंगर सिख धर्म की महान परंपरा है, जो समता, सेवा और भाईचारे का प्रतीक है। इसमें हर जाति, वर्ग और पंथ के लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं और यही सच्ची मानवता है। इसीलिए कीर्तन के उपरांत गुरु का लंगर आयोजित किया गया, जो कि शाम 4 बजे तक चला।

कमेटी के अध्यक्ष सरबजीत सिंह वालिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह वालिया, कोषाध्यक्ष हरदीप सिंह बग्गा, सचिव मनप्रीत वालिया और संरक्षक सुरेंद्र पाल पोपली सहित अन्य सदस्यों ने समस्त बैतूल वासियों को वैसाखी पर्व की बधाई देते हुए प्रभु से अरदास की कि सभी के जीवन में गुरु की कृपा, सेवाभाव और भाईचारे की भावना सदा बनी रहे।

# भाजप कार्यकर्ताओं की पार्टी हैः भदौरिया

## भाजपा अटेर विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित

**भिण्ड। भाजपा केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के कार्यक्रम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अटेर विधानसभा के मंडलों के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया।**

सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्रों पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर अटेर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र सिंह भदौरिया दद्दा ने सक्रिय सदस्य सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक रूप से जनहित के कार्यों में सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी का प्रतिबिंब हैं



और उन्हें पार्टी की छवि के अनुसार कार्य करना होगा। भदौरिया ने कहा कि सरकार ने गरीबों को आवास, शौचालय, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान योजना और मुफ्त राशन जैसी सुविधाएं दी हैं। इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बूथ का कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर डबल इंजन सरकार की जनहितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट मायाराम शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य विकास और प्रगति एवं सेवा और समर्पण की विचारधारा को लेकर श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा का वट वृक्ष आज पूरे देश में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और पराकाष्ठा के साथ दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हुआ है।

# धूमधाम से मनाया श्रीराम भक्त हनुमान जन्मोत्सव

**बीना । श्रीराम भक्त हनुमान जन्म उत्सव शहर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों द्वारा भगवान की पूजा अर्चना की गई भजन कीर्तन रामायण सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ किए गए और भोग लगाकर भगवान का उत्सव मनाया गया ।**

जय श्रीराम के धार्मिक उदघोष करके अपने-अपने अंदाज में हनुमानजी महाराज को प्रसन्न किया श्री देव रघुनाथ मंदिर, कटरा मन्दिर, गुलौआ धाम हनुमान मंदिर श्री राम जानकी मंदिर ,हरै राम मंदिर ,जटाशंकर मंदिर में सुबह 4:00 बजे से ही भक्तों का ताता लग गया जहां सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने जय जय श्री राम के साथ के मंदिरों में पहुंच कर भगवान को श्रृंगार कराया चोला चढ़ाया झंडा लगवाया , विभिन्न मंडली द्वारा अपने-अपने धार्मिक स्थलों पर भजन कीर्तन गाए गए और गुलौआ धाम में राधे राधे भक्त मंडल द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव नाच गाकर वहीं भक्तों द्वारा पूरी सब्जी खीर और बूंदी का भोग प्रसाद हजारों की संख्या में सुबह से ही भक्तों को खिलाना



आरंभ किया गया जो दिन भर चलता रहा पंडित छोटू चौबे ने बताया की मां अंजनी के पुत्र दरबार में हर वर्ष लाखों भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती इस दरबार में विधायक मंत्री बनाए गए।

पीतांबरा पीठ के पंडित डब्बू महाराज लेट हुए हनुमान जी के बारे में बताया की ये दिव्य मूर्ति है और यहां पर आने वाले सभी भक्तों के सारी कष्ट दूर होते हैं श्री राम जानकी मंदिर के पुजारी पंडित प्रेम नारायण शर्मा ने बताया कि यहां हर वर्ष हनुमान जी महाराज के समक्ष रामायण के पाठ करने से श्री हनुमान जी महाराज प्रसन्न होते हैं इसी कारण प्रतिवर्ष दिसंबर के माह में इनको रामायण अखंड पाठ का आयोजन किया जाता है उनके सामने जो भी बात रखी जाए वह पूर्ण करते हैं हनुमान जी महाराज को रामायण अति प्रिय है पंडित देव शंकर दुबे ने बताया कि बाल हनुमान जी की परिक्रमा करने से सभी मनोकामना पूरी होती है नगर में हनुमान जयंती पर राम वार्ड स्थित राम मंदिर समिति ने रात्रि को धूम धाम के साथ शोभा यात्रा निकली गई।

# धूमधाम से मनाया नगर मे वीर बजरंगबली प्रकटोत्सव

**सेमरी हरचंद। कलयुग के राजा अनंत भक्त शिरोमणि हनुमान महाराज का जन्मोत्सव नगर सेमरी हरचंद में बडे धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ सुबह से ही मंदिरों में पूजन अर्चन हुआ सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ हुआ।**

वहीं प्रमुख रूप से दादा दरबार खेड़ापति धाम में प्रात: दादाजी का चोला श्रृंगार कर सुंदरकांड का महापाठ आरती के साथ नगर कन्या पूजन एवं भंडारा हुआ।

बजरंगियों द्वारा भव्य वाहन रैली जय श्री राम के जय घोष के साथ राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा पीपल चौक से नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई निकाली गई। रात्रि 8.00 बजे से मां खेड़ापति धाम दादा दरबार से हनुमान जी



महाराज की सुन्दर रथ में सुशोभित सुंदर झांकी सजाते हुए। ढोल बाजे डीजे के साथ युवाओं ने ध्वज हाथ में लेकर हर्ष उल्लास के साथ हनुमान जी महाराज की भव्य जुलूस शोभा यात्रा समस्त नगर वासियों द्वारा निकाली गई। के साथ पीपल चौक पर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी महाराज की महाआरती उतारी गई जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वही दादा दरबार रामचंद्र पंचायती मंदिर में वे हनुमान महाराज का अभिषेक कर भव्य महाआरती उतारी गई। सुंदरकांड का पाठ हुआ और देर रात तक सीताराम कीर्तन भजन की प्रस्तुति स्थानीय रामायण मंडलों द्वारा दी गई और महाप्रसादी वितरण किया गया। वही शोभायात्रा का समापन माखननगर रोड पर स्थित दादा दरबार में महाआरती प्रसाद वितरण कर किया गया।